बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI

● वर्ष: 24 ● अंक: 176 ● नई दिल्ली ● मंगलवार 28 अप्रैल 2026 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4

रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन
बी-2/370, सुल्तानपुरी
दिल्ली-86

### प्रधानमंत्री सिक्किम की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में होंगे शामिल

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर सिक्किम पहुंचेंगे और एक रोड शो करेंगे तथा राज्य की स्थापना की 50 वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में भाग लेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मोदी यहां 4,000 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत भी करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि मोदी के दौरे को देखते हुए राज्य की राजधानी और आसपास के इलाकों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री की यात्रा के कार्यक्रम के अनुसार, वह अपराह्न करीब तीन बजे गंगटोक पहुंचेंगे और लिबिंग हेलीपैड पर उतरने के तुरंत बाद वहां लोक भवन तक रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री अगले दिन गंगटोक स्थित ऑर्किडेरियम का दौरा करेंगे।

## जस्टिस स्वर्ण कांता की कोर्ट में अब पेश नहीं होंगे अरविंद केजरीवाल, बोले- न्याय मिलने की उम्मीद टूटी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा को एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वह अब उनके समक्ष व्यक्तिगत रूप से या वकील के माध्यम से पेश नहीं होंगे। केजरीवाल ने अपने पत्र में न्याय मिलने की उम्मीद टूटने की बात कहते हुए महात्मा गांधी के सत्याग्रह के रास्ते पर चलने का निर्णय लिया है। अरविंद केजरीवाल ने अपने पत्र में लिखा, मेरी जस्टिस स्वर्ण कांता जी से न्याय मिलने की उम्मीद टूट गई है। इसलिए मैंने गांधी जी के सत्याग्रह के रास्ते पर चलने का फैसला लिया है। मैंने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए फैसला किया है। जस्टिस स्वर्ण कांता के फैसले की अपील में सुप्रीम कोर्ट जाने का अधिकार रखूंगा। दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जज बदलने की मांग को खारिज कर दिया था। केजरीवाल ने इस मामले की सुनवाई कर रहीं जज स्वर्ण कांता शर्मा पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए मामले को किसी दूसरी पीठ को स्थानांतरित करने की मांग की थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने उनकी इस मांग को स्वीकार नहीं किया। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने इस मुद्दे पर टिप्पणी भी की और याचिका को खारिज कर दिया। इस याचिका के



खारिज होने के बाद केजरीवाल ने अब जस्टिस स्वर्णकांता की कोर्ट में पेश ही नहीं होने का एलान कर दिया है। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो में कहा, मुझे एक झूठे केस में फंसाया गया और जेल भेज दिया गया। एक चुनी हुई सरकार को गलत तरीके से गिरा दिया गया। हमें कई महीने जेल में रखा लेकिन आखिरकार सच की जीत हुई। कोर्ट ने मुझे पूरी तरह निर्दोष घोषित कर दिया। कोर्ट ने सीबीआई की जांच पर सवाल खड़े किए और जांच अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए। सीबीआई ने तुरंत इस फैसले के हाई कोर्ट में चुनौती दी ये केस जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा के सामने लगा। तब मेरे मन में सवाल उठा कि क्या इनके सामने मुझे न्याय मिलेगा? आरएसएस की जिस विचारधारा वाली सरकार ने झूठे आरोप लगाकर मुझे जेल डाला, जज साहिबा ने स्वयं माना है कि उस विचारधारा से जुड़े संगठन अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के मंचों पर वे कई बार जाती रही हैं। मैं और आम आदमी पार्टी उस विचारधारा के घोर विरोधी हैं। ऐसे में क्या उनके सामने मुझे न्याय मिल सकता है? वहीं, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने जो पत्र आज न्यायाधीश के समुख लिखने का प्रयास किया है हम उसकी निंदा करते हैं। कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हमने इस पूरे मामले में देखा कि शराब घोटाला मामले में उन्होंने जिस प्रकार की टिप्पणी न्यायाधीश पर की है ये लोकतंत्र के खिलाफ है।

## जल रही राजधानी- दिल्ली में हीटवेव को लेकर एलजी सख्त, अधिकारियों से बोले- एक हफ्ते में जमीन पर दिखना चाहिए असर

नई दिल्ली। दिल्ली में बढ़ती गर्मी को देखते हुए उपरायपाल तरनजीत सिंह संधू ने तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को एक हफ्ते के भीतर ठोस कदम जमीन पर उतारने के निर्देश दिए। राजधानी में तेज होती गर्मी और हीट एक्शन प्लान 2026 का जमीन पर पालन नहीं होता देख एलजी ने संज्ञान लिया है। प्लान में शामिल तैयारियों पर प्रशासन ने अब तक शायद अमल नहीं किया है। हीट वेव से सबसे यादा तकलीफ बाहर काम करने वाले मजदूरों को हो रही है। बेसहारा पशु पक्षी भी तकलीफ में है। इनकी राहत के लिए जमीन पर कोई कार्यवाही अब तक नजर नहीं आ रही है। सोमवार को हीटवेव को लेकर दिल्ली के उपरायपाल ने सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में दिल्ली की तैयारियों की समीक्षा की गई और साफ निर्देश दिए गए कि हीट एक्शन प्लान को एक हफ्ते के भीतर



प्रभावी तरीके से जमीन पर लागू किया जाए।

**जिला मजिस्ट्रेट की पूरी जिम्मेदारी**

उपरायपाल ने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट इस पूरे अभियान में अहम भूमिका निभाएं और अपने-अपने क्षेत्रों में समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने खास तौर पर महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और मजदूरों जैसे संवेदनशील वर्गों की सुरक्षा पर जोर दिया। सार्वजनिक स्थानों पर गर्मी से राहत देने के लिए जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा गया है।

**सभी विभाग मिलकर करेंगे काम**

बैठक में यह भी तय किया गया कि हीटवेव से निपटने के लिए सभी विभाग आपस में बेहतर तालमेल के साथ काम करेंगे। पानी, छाया, प्राथमिक चिकित्सा और जागरूकता जैसे उपायों को तेजी से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।

**पशु प्रेमी के लिए भी हो विशेष इंतजाम**

उपरायपाल ने सिर्फ लोगों ही नहीं, बल्कि शहर के पशु-पक्षियों के लिए भी विशेष इंतजाम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में इनके लिए पानी और राहत की व्यवस्था करना भी जरूरी है।

**अधिकारियों को जिम्मेदारी निभाने की चेतावनी**

साथ ही अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि सभी विभाग अपनी जिम्मेदारी पूरी गंभीरता से निभाएं। सरकार इस पूरी प्रक्रिया की लगातार निगरानी करेगी, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। दिल्ली में हीटवेव से निपटने के लिए उपरायपाल ने निगरानी अपने पास रखी है, जिस कारण आने वाले दिनों में इसका असर जमीन पर दिखने की उम्मीद है।

## अस्पतालों ने इलाज से क्यों किया इनकार? सीजेआई सूर्यकांत ने पूछे सवाल, पीड़ित महिला वकील के पत्र पर लिया संज्ञान

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में महिला अधिवक्ता पर कथित बर्बर हमले के मामले का सोमवार को स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस को कई सख्त निर्देश दिए। अदालत ने मामले की जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी को सौंपने का आदेश दिया और कहा कि जांच अधिकारी महिला अधिकारी हो तो बेहतर होगा, जो एसीपी या डीसीपी रैंक की हो। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकान्त और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि अदालत को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग वाला पत्र मिला था, जिसके बाद स्वतः संज्ञान लिया गया। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने अदालत को बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पीड़िता के पति, जो हमले का मुख्य आरोपी है, को 25 और 26 अप्रैल की दरम्यानी रात गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी मनोज कुमार, जो सोनिया विहार का निवासी है, जिसे रविवार को खजूरी खास इलाके से पकड़ा गया। आरोप है कि उसने 22 अप्रैल को अपनी 38 वर्षीय पत्नी पर चाकू से हमला किया। पूछताछ में उसने पारिवारिक विवाद के चलते वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एक गंभीर पहलू पर भी चिंता जताई। अदालत ने दिल्ली को निर्देश दिया कि यह जांच की जाए कि घायल महिला को तीन अलग-अलग अस्पतालों ने भर्ती करने से कथित रूप से इनकार क्यों किया। अदालत ने कहा कि अगर गंभीर हालत में किसी पीड़ित को समय पर इलाज नहीं मिलता है, तो यह बेहद चिंताजनक विषय है और इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। पीठ ने शिकायत में लगाए गए उस आरोप पर भी संज्ञान लिया, जिसमें कहा गया कि पीड़िता के ससुराल पक्ष दो नाबालिग बच्चों को अपने साथ ले गया है और उनका पता नहीं चल पा रहा। अदालत ने पुलिस को दोनों बच्चों का तत्काल पता लगाने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने जांच अधिकारी को मामले की विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट अगली सुनवाई में पेश करने का आदेश दिया है। फिलहाल पुलिस घरेलू विवाद समेत सभी संभावित पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## दिल्ली विधानसभा के 14 विधायक एमसीडी के लिए नामित, 2026-27 के लिए करेंगे प्रतिनिधित्व



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 14 विधायकों को दिल्ली नगर निगम में प्रतिनिधित्व के लिए नामित किया है। इस फैसले को विधानसभा और एमसीडी के बीच बेहतर तालमेल की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। दिल्ली में प्रशासनिक समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने 14 विधायकों को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में प्रतिनिधित्व के लिए नामित किया है। यह नामांकन वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए किया गया है और इसकी अधिसूचना 27 अप्रैल को जारी की गई है। ये निर्णय दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 की धारा 3(3)(ब)(3) के तहत लिया गया है। इसके तहत विधानसभा के सदस्य एमसीडी के कामकाज में भाग लेकर स्थानीय स्तर के मुद्दों को बेहतर तरीके से उठा सकेंगे।

**ये विधायक हुए नामित**

नामित विधायकों में नरेला से राज करण खत्री, त्रिनगर से तिलक राम गुप्ता, वजीरपुर से पूनम शर्मा, सदर बाजार से सोम दत्त और करोल बाग से विशेष रवि शामिल हैं। इसके अलावा मादीपुर से कैलाश गंगवाल, हरी नगर से श्याम शर्मा, बिजवासन से कैलाश गहलोत, पालम से कुलदीप सोलंकी और दिल्ली कैंट से आप विधायक विरेन्द्र सिंह कादयान को भी शामिल किया गया है। सूची में राजेंद्र नगर से उमंग बजाज, मालवीय नगर से सतीश उपाध्याय, छतरपुर से करतार सिंह तंवर और पडपडगंज से रविंद्र सिंह नेगी का नाम भी है। इन सभी विधायकों को अलग-अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हुए एमसीडी के कामकाज में भागीदारी करनी होगी।

**सरकार-निगम के बीच और बढ़ेगा तालमेल**

सरकारी सूत्रों के मुताबिक, इस पहल का मकसद विधानसभा और नगर निगम के बीच बेहतर तालमेल बनाना है, ताकि स्थानीय समस्याओं का समाधान तेजी से हो सके। अक्सर देखा जाता है कि विकास कार्यों में विभागों के बीच समन्वय की कमी से देरी होती है, जिसे इस कदम से दूर करने की कोशिश की जा रही है। इस नामांकन के बाद उम्मीद है कि दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से जुड़े मुद्दे सीधे एमसीडी के सामने रखे जा सकेंगे और उनके समाधान में तेजी आएगी। साथ ही, जनता की समस्याओं को लेकर जवाबदेही भी बढ़ेगी।

## गुरुग्राम बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार, हाईकोर्ट जाने को कहा

नई दिल्ली। गुरुग्राम में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने बुलडोजर कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने से इनकार कर दिया और प्रभावित लोगों को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट जाने की सलाह दी। अदालत ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी व्यक्ति को प्रशासनिक कार्रवाई से शिकायत है, तो वह उचित मंच पर अपनी बात रख सकता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि गुरुग्राम में कई स्थानों पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण की शिकायतें सामने आई हैं। यदि हाईकोर्ट इस मामले में अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभा रहा है, तो सुप्रीम कोर्ट उसमें दखल क्यों दे। अदालत ने यह भी कहा कि पहले संबंधित हाईकोर्ट के समक्ष सभी तथ्यों और दस्तावेजों के साथ पक्ष रखा जाना चाहिए। दरअसल, गुरुग्राम में पिछले कुछ समय से प्रशासन ने बड़े पैमाने पर अतिक्रमण विरोधी अभियान शुरू किया है। डीएलएफ फेज-1, गोल्फ कोर्स रोड, साउथ सिटी समेत कई पॉश इलाकों में अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। इस दौरान रैंप, गार्ड रूम, बाउंड्री वॉल, फुटपाथों और सड़कों पर किए गए कब्जों को हटाया जा रहा है।एयह कार्रवाई पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के बाद तेज हुई, जिसमें स्टिल्ट प्लस चार मंजिला निर्माण नीति पर रोक लगाई गई थी। इसके बाद प्रशासन ने उन



निर्माणों और कब्जों की पहचान कर कार्रवाई शुरू की, जो नियमों के खिलाफ बताए गए। याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि बिना नोटिस दिए कई वैध निर्माणों को भी तोड़ा जा रहा है, जिससे लोगों को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने बुलडोजर कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस मांग को स्वीकार नहीं किया। प्रशासन का कहना है कि यह अभियान शहर में ट्रैफिक दबाव कम करने, सार्वजनिक स्थलों को मुक्त कराने और शहरी नियोजन को सही ढंग से लागू करने के लिए जरूरी है। वहीं स्थानीय लोगों का एक वर्ग कार्रवाई का समर्थन कर रहा है, जबकि कई निवासी इसे लेकर अदालत का दरवाजा खटखटा रहे हैं। अब इस मामले में आगे की कानूनी लड़ाई पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में जारी रहने की संभावना है, जहां प्रभावित पक्ष राहत की मांग कर सकते हैं।

## कैलाश हिल्स हत्याकांड - राहुल मीणा को 7 दिन न्यायिक हिरासत, आईआरएस अधिकारी की बेटी से दुष्कर्म और हत्या का मामला

दिल्ली। दिल्ली के कैलाश हिल्स में आईआरएस अधिकारी की बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में पुलिस आरोपी राहुल मीणा को सोमवार को अदालत में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को सात दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने तमाम साक्ष्यों को जुटा लिया है। आरोपी राहुल मीणा व युवती का मोबाइल बरामद कर पुलिस ने उनको फॉरेंसिक जांच के लिए लैब भेज दिया है। पुलिस उसकी जांच कर केस को और मजबूत करने का प्रयास करेगी। पुलिस ने वारदात के सभी चश्मदीदों के बयान भी रिकॉर्ड कर लिए हैं। पता चला है कि आरोपी ने योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया। वह बदला लेने और लूटपाट के इरादे से दिल्ली पहुंचा और उसने वारदात को अंजाम दिया। शुरुआत में तो आरोपी गलती होने की बात कर रहा था, लेकिन अब उसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। सोमवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया। कैलाश हिल्स इलाके में इमारत की तीसरी फ्लोर पर आरोपी ने आईआरएस अधिकारी की बेटी की दुष्कर्म के बाद बहुत हत्या कर दी थी। वारदात के बाद आरोपी ने घर में रखा कैश, जेवरात और अन्य सामान लूटकर फरार हो गया। वारदात का पता चलते ही हड़कंप मच गया। पुलिस ने 15 टीम बनाकर देर शाम




को आरोपी राहुल मीणा को द्वारका इलाके के ओयो होटल से दबोच लिया। उसके पास से लूटा गया सामान भी बरामद हो गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने हत्या करने की बात स्वीकार की। दक्षिणी दिल्ली के पॉश इलाके कैलाश हिल में दिल दहला देने वाली वारदात हुई। भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के वरिष्ठ अधिकारी की बेटी (22) की उनके पूर्व नौकर ने दुष्कर्म के बाद मोबाइल फोन चार्जर की केबल से गला घोंटकर बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी अलवर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र निवासी राहुल मीणा (19) को डेढ़ महीने पहले रुपयों में हेराफेरी करने पर काम से हटाया गया था। पुलिस ने उसे द्वारका में होटल से गिरफ्तार कर लिया। युवती ने आईआईटी दिल्ली से इंजीनियरिंग की थी। अभी संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा की तैयारी कर रही थी। पुलिस के अनुसार, युवती माता-पिता के साथ अमर कॉलोनी के कैलाश हिल स्थित बिल्डिंग के तीसरे फ्लोर पर रहती थी। बुधवार सुबह 6 बजे उसके माता-पिता जिम गए थे और घरेलू सहायक के लिए चाबी घर के बाहर रख गए थे। युवती घर पर अकेली थी। माता पिता जब लौटे, तो उन्होंने बेटी को फर्श पर अचेत पाया।

उसे पास के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। राहुल को पैसों की हेराफेरी के शक डेढ़ महीने पहले ही नौकरी से निकाला गया था। आशंका है, इसी का बदला लेने के लिए राहुल ने वारदात की। सीसीटीवी फुटेज में वह दिखा, तो मामला खुला। वारदात के बाद वह घर से कीमती सामान भी चुरा ले गया।

## सात ज्योतिर्लिंग का दर्शन कराने भारत गौरव ट्रेन रवाना

**गोरखपुर।** इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड सात ज्योतिर्लिंग का दर्शन कराने के लिए गोरखपुर से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन सोमवार की सुबह 9 बजे रवाना हो गई। इसके पूर्व आईआरसीटीसी के कर्मचारियों ने यात्रियों का तिलक लगाकर का स्वागत किया। यह ट्रेन आठ मई को शाम 4:30 बजे वापस आएगी। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि भारत गौरव पर्यटक ट्रेन से श्रद्धालुओं को महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंमकारेश्वर ज्योतिर्लिंग (उज्जैन), द्वारकाधीश, भेंट द्वारिका, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, सिग्नेचर ब्रिज, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग (गुजरात), त्रियंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, पंचवटी, कालाराम मंदिर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग (गुजरात), घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग (संभाजी नगर) दर्शन का अवसर मिलेगा।

## 21 बेटियों के हाथ पीले कर छलके खुशी के आंसू, 24वें वर्ष सामूहिक विवाह में सेवा, संवेदना और संस्कार का दिखा अनुपम संगम

कुशीनगर।

केडी शाही जनजागृति संस्थान, तुर्कपट्टी महुअवा द्वारा आयोजित 24वें वर्ष सामूहिक विवाह समारोह में 21 निर्धन परिवारों की बेटियों का विवाह वैदिक रीति-रिवाज के साथ संपन्न कराया गया। मांग में सिंदूर, आंखों में सपने और परिजनों की नम आंखों के बीच 21 बेटियां नए जीवन की दहलीज पर विदा हुईं तो पूरा पंडाल भावुक हो उठा। संस्थान द्वारा पिछले 24 वर्षों से निरंतर यह सामाजिक आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत अब तक 650 से अधिक निर्धन बेटियों के हाथ पीले कराए जा चुके हैं। इस वर्ष भी बद्दू, करीना, पुष्पा, सुमन राजभर, सोनिया कुशवाहा सहित 21 कन्याओं का विवाह विजय कुमार, सोनू कुमार, अजय राजभर, विपिन कुशवाहा समेत 21 वरों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रबंधक सुधीर शाही ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह कराना है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल विवाह नहीं, बल्कि समाज के सामूहिक सहयोग और संवेदना का उत्सव है। कार्यक्रम के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि यह पुनीत कार्य सेवा, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने बताया कि संस्थान के 25वें वर्ष पर 51 निर्धन कन्याओं के विवाह का संकल्प लिया गया है। कार्यक्रम संयोजक शैलेंद्र शुक्ला एवं डॉ. सीबी सिंह ने व्यवस्थाओं की कमान संभाली, जबकि स्वागताध्यक्ष श्रीमती कंचन गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में सदर विधायक मनीष जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, ब्लॉक प्रमुख विंध्यवासिनी श्रीवास्तव, डॉ. देवेंद्र मोदी, मनोज शर्मा, राजेश सिंह, सचिन चौरसिया, प्रदीप चौरसिया सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह में समाजसेवियों, चिकित्सकों और क्षेत्रीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। डॉ. अभिषेक शुक्ला, डॉ. गिरिजेश जायसवाल, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. संजय जायसवाल, डॉ. अरुण गौतम, किरण जायसवाल, डॉ. सुनीता पांडेय, मीनू जिंदल, रश्मि श्रीवास्तव, विनीत गुप्ता और डॉ. कालिंदी त्रिपाठी ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

## 24 घंटे के भीतर चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

कुशीनगर।

थाना पटहेरवा क्षेत्र में दर्ज चोरी के एक मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 26 अप्रैल 2026 को पंजीकृत मु0अ0सं0 94/2026, धारा 305(ए) बीएनएस से संबंधित मामले में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को चोरी गए सामान के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 331(4) एवं 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शाहिल पुत्र अनवर, निवासी महुअवा कांटा, थाना पटहेरवा, जनपद कुशीनगर के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक बोरी ब्रान और एक बैटरी बरामद होने की बात कही गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध थाना पटहेरवा में पूर्व से मारपीट, धमकी और चोरी से जुड़े तीन मुकदमे दर्ज हैं। मामले में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष धीरेन्द्र राय, उपनिरीक्षक विशाल कुमार, हेड कांस्टेबल रामप्रवेश यादव, कांस्टेबल अल्तमस तथा कांस्टेबल विनोद कुशवाहा शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच और आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है।

## भारत-नेपाल की सोनौली सीमा पर बड़ी कार्रवाई 25 क्विंटल से अधिक विदेशी अखरोट बरामद, ट्रक समेत चालक गिरफ्तार



**- काठमांडू से दिल्ली के लिए जा रहे ट्रक कंटेनर में 7 लाख रुपए का विदेशी अखरोट बरामद**

**महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा सोनौली पर सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। सोमवार, पिलर संख्या 517/2 के पास पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाते हुए भारी मात्रा में विदेशी अखरोट की तस्करी का पर्दाफाश किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 22वीं वाहिनी के सहायक कमांडेंट सैफवान एन. और पुलिस चौकी सोनौली प्रभारी गौरव यादव के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई की। टीम ने नेपाल की ओर से भारत में प्रवेश कर रहे एक संदिग्ध ट्रक को सीमा से करीब 10 मीटर अंदर रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान कंटेनर ट्रक संख्या ऋ्14ऌ 5722 में विशेष रूप से बनाए गए गुप्त केबिन से 103 बोरी विदेशी अखरोट बरामद किए गए, जिनका कुल वजन लगभग 2570 किलोग्राम बताया जा रहा है। जांच में सामने आया कि यह ट्रक नेपाल के काठमांडू से दिल्ली जा रहा था। मौके पर चालक को हिरासत में लिया गया, जिसकी पहचान हरियाणा निवासी साहिब खान के रूप में हुई है। बरामद अखरोट, ट्रक और आरोपी को आगे की विधिक कार्रवाई के लिए नौतनवा कस्टम विभाग को सुपुर्द करने की प्रक्रिया जारी है। सीमा पर इस कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया है, वहीं सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता से एक बड़े अवैध नेटवर्क का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है। इस सम्बंध में सहायक कमांडेंट ने बताया कि ट्रक सीज कर माल सहित आरोपी को अग्रिम कार्यवाही के लिए कस्टम विभाग को सौप दिया गया है।

# कुरआन-ए-पाक तमाम मामलों में मार्गदर्शन करने वाली आखिरी किताब - शहर काजी

गोरखपुर।

रविवार को जामिया अल इस्लाह एकेडमी नौरंगाबाद गोरखनाथ में इस्लामी बहनों के लिए साप्ताहिक दर्स-ए-कुरआन (सबक/ शिक्षा) की शुरूआत की गई। यहां कुरआन-ए-पाक की शिक्षा प्रत्येक रविवार को दोपहर साढ़े तीन बजे से दी जाएगी। वहीं मकतब इस्लामियात तुर्कमानपुर में भी कुरआन-ए-पाक का दर्स दिया गया। यूपी बोर्ड की दसवीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाली हफ्सा अली व सदफ फातिमा को सम्मानित किया गया। दर्स की शुरूआत करते हुए शहर काजी मुफ्ती मुहम्मद अजहर शम्सी ने कहा कि कुरआन-ए-पाक का दर्स (सबक/ शिक्षा) मूल रूप से कुरआन की आयतों को पढ़ने, उनके अर्थ को समझने और उन पर चिंतन करने की प्रक्रिया है।



इसका मुख्य उद्देश्य अल्लाह के संदेश को जानकर उसे अपने जीवन में उतारना है। कुरआन इंसानी जिंदगी के तमाम मामलों में मार्गदर्शन करने वाली आखिरी किताब है। यह इंसान के चरित्र का सुधार करती है और उसे आध्यात्मिक तौर पर पवित्र बनाती है। दर्स का एक बड़ा मकसद

### नौरंगाबाद गोरखनाथ में इस्लामी बहनों के लिए दर्स-ए-कुरआन की शुरूआत

लोगों को अरबी भाषा न आने के बावजूद उर्दू व हिंदी में अल्लाह का संदेश पहुंचाना है। दर्स संचालक हाफिज रहमत अली निजामी ने कहा कि कुरआन-ए-पाक का शिक्षा इंसान के लिए अल्लाह का संदेश है जो ईमान, नैतिकता, न्याय और समानता पर जोर देती है। यह कुरआन-ए-पाक के अर्थ, व्याख्या और मानव जीवन के लिए इसके मार्गदर्शन को समझने का एक प्रयास है। दर्स न केवल पढ़ने, बल्कि इसे समझने और जीवन में उतारने के लिए होता है। संयोजक कारी मुहम्मद अनस नक्शबंदी व आसिफ महमूद ने कहा कि कुरआन-ए-पाक का दर्स हमें आत्म-सुधार, सामाजिक जिम्मेदारी, नमाज, जकात, और तौहीद के माध्यम से अल्लाह की इबादत सिखाता है। दर्स में कुरआन का गहरा अध्ययन व्याख्या के साथ किया जाता है ताकि आयतों का सही अर्थ समझा जा सके। दर्स व्यक्तिगत जीवन, पारिवारिक रिश्ते, और सामाजिक आचरण के लिए सीधे और व्यावहारिक नियम प्रदान करता है। अंत में दुरूद ओ सलाम पढ़कर मुल्क में अमन व शांति की दुआ मांगी गई। दर्स में शीरीन आसिफ, आयशा खातून, सैयदा यासमीन, नाजिया खातून, या वारसी, शिफा खातून, सना फातिमा, फिजा खातून, शालिबा, मुबस्सिरा, आस्मा खातून, नूरजहां, फिजा खातून, सानिया, अदीबा, गुलफिशा सहित तमाम इस्लामी बहनों की सहभागिता रही।

## एआई रोजगार बढ़ाने वाला टूल, छात्रों के लिए बना पॉकेट टीचर

**जागृति के बरगद सभागार में एआई स्किल डेवलपमेंट वर्कशॉप, छात्रों को दी गई तकनीकी जानकारी**



देवरिया।

जागृति उद्यम केंद्र - पूर्वांचल की ओर से सोमवार को बरपार स्थित बरगद सभागार में एआई स्किल डेवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल और सरस्वती सीनियर सेकेंड्री विद्या मंदिर, देवरिया खास के छात्रछात्राओं ने भाग लिया।

कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग और संभावनाओं से परिचित कराना था।

कार्यशाला में एक्सपर्ट ओम आशीष मिश्रा ने छात्रों को एआई की बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब एआई की शुरूआत हुई थी, तब यह आशंका जताई जा रही थी कि इससे रोजगार कम होंगे, लेकिन वर्तमान समय में यह रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहा है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे एआई के साथ तालमेल बैठाकर अपने कौशल को विकसित करें।

एआई छात्रों के लिए पॉकेट टीचर की तरह काम कर सकता है। यदि छात्र स्कूल में पढ़ाई के बाद घर पर एआई का उपयोग करके विषयों को गहराई से समझें, तो उनके ज्ञान और कौशल में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने प्रॉम्प्ट, कम्प्लीशन, कॉन्टेक्स्ट विंडो और एपीआई जैसे तकनीकी पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि एआई प्लेटफॉर्म पर आधार कार्ड, डेबिट कार्ड या अन्य निजी दस्तावेज साझा नहीं करने चाहिए। जागृति के इन्क्यूबेशन निदेशक विश्वास पांडेय ने कहा कि यह एआई का दौर है। एआई सीखने के साथ रोजगार सृजन का भी सशक्त माध्यम बन रहा है।

### कौन हैं ओम आशीष मिश्रा

आईआईटी कानपुर से जुड़े जेन एआई शोधकर्ता ओम आशीष मिश्रा पिछले तीन वर्षों से डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे ब्लिसफुल एनर्जी के संस्थापक होने के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 50 से अधिक मंचों पर एआई विशेषज्ञ और वक्ता के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट, हिताची और एचएसबीसी जैसी कंपनियों के साथ काम किया है और तीन बार गूगल तथा छह बार माइक्रोसॉफ्ट द्वारा प्रमाणित प्रोफेशनल हैं। इसके अलावा वे एमआईटी इनोवेशन बूटकेंपर और

## मानवता की मिसाल तविन फाउंडेशन ने दो बेटियों के हाथ पीले करने में की मदद

फरेन्दा महराजगंज।

सामाजिक सरोकारों में अग्रणी तविन फाउंडेशन ने प्रतिबद्धता दोहराते हुए दो जरूरतमंद युवतियों के विवाह में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है।

सुखना देवी पत्नी घरभरन ग्राम झावा कोट पोस्ट बारातगाड़ा जिला महाराजगंज अपनी बेटी कविता की शादी को लेकर बेहद चिंतित थी सुखना देवी व उनके बच्चे मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं ऐसे में बेटी कविता की शादी का खर्च किसी पहाड़ जैसा लग रहा था वहीं दूसरा परिवार संगम कुमारी यादव पुत्री श्री बहादुर यादव ग्राम गोपालपुर दुबे पोस्ट पोखरभिंडा जिला महाराजगंज की भी शादी तय हो चुकी है परंतु परिवार की माली हालत बहुत ही दयनीय स्थिति में है परिवार के अधिकांश सदस्य दिव्यांग भी है जब इन दोनों परिवार के लोगों को तविन फाउंडेशन की ÷माया शुभ मंगल संकल्प÷ योजना के बारे में पता



चला तो उन्होंने आनंद नगर स्थित कार्यालय में संपर्क कर इस योजना में आवेदन किया। आवेदन आने के उपरांत तविन फाउंडेशन के कार्यकारी सदस्य नरेंद्र नाथ त्रिपाठी,अरविंद कुमार वर्मा,धीरेंद्र कुमार राय व अमित जायसवाल द्वारा विवाह की पुष्टि कराने के बाद फाउंडेशन के अध्यक्ष ततसत मणि त्रिपाठी द्वारा इन परिवारों को फाउंडेशन की ओर से प्रत्येक परिवार को ?21000 की अनुदान राशि सीधे उनके खाते में प्रदान की गई। संस्था के अध्यक्ष ततसत मणि त्रिपाठी ने बताया कि उनका उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की मदद करना है ताकि संसाधनों के अभाव में किसी बेटी की शादी ना रुक सके। इस अवसर पर फाउंडेशन के कार्यकारी सदस्य नरेंद्र नाथ त्रिपाठी अरविंद कुमार वर्मा धीरेंद्र कुमार राय ,अधिवक्ता अमित जायसवाल, प्रद्युमन सिंह,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील यादव, अधिवक्ता अखिलेश यादव ,अवधेश यादव ,बैजनाथ यादव, रामनाथ निषाद, संदीप कुमार, राजीव यादव आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

